राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल को पोस्टर भेंट

—

जयपुर, 18 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को सोमवार को यहां राजभवन में सवाई मानसिंह चिकित्सालय के चिकित्सकों ने मिर्गी और दुर्लभ बीमारियों से बचाव के लिए जनजागरूकता लाने के लिए पोस्टर की प्रति भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र को सवाई मानसिंह अस्पताल के प्राचार्य डॉ. सुधीर भण्डारी और न्यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर. एस. जैन व विभाग के चिकित्सकों ने मिर्गी रोग से बचाव के उपायों पर प्रकाशित पोस्टर की प्रति भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र को जे.के. लोन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने रेयर डीजीज पर जनजागरूकता के लिए प्रकाशित पोस्टर की प्रति भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि ऐसे पोस्टर को राज्य के सभी अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगाया जाये।

राज्यपाल से विधायक श्री मंजीत चौधरी मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में मुंडावर से विधायक श्री मंजीत चौधरी ने मुलाकात की।

राज्यपाल से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एच. सी. गणेशिया मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एच.सी. गणेशिया ने मुलाकात की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल